द संस्कार वैली ने जीता आईईएस मेगा इंटर स्कूल फुटबॉल खिताब

फाइनल में डीपीएस कोलार को 2-1 से हराया, रिषि शाह और जतिन खरे ने दागे एक-एक गोल

School Games

स्कूल के आनंद तिवारी को सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल

द संस्कार वैली स्कूल ने आईईएस मेगा इंटर स्कूल जूनियर साकर टूर्नामेंट जीत लिया है। उसने गुरुवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में डीपीएस कोलार को 2-1 के अंतर से हराया। स्कूल के मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में विजेता टीम की ओर से रिषि शाह और जतिन खरे ने एक-एक गोल दागे।

इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में डीपीएस कोलार ने पीपुल्स स्कूल को 1-0 से हराया। इसमें डीपीएस की ओर से यश हिरवानी ने इकलौता गोल दागा। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में द संस्कार वैली स्कूल ने बिलाबोंग को 4-1 से हराया। इसमें द संस्कार वैली की ओर से सार्थ जैन, शिवांश जैन, ऋषि शाहा और एम. रितिक के बूटों से एक-एक गोल आए। पुरस्कार वितरण आईईएस स्कूल की डीन मनीषा कवाथेकर ने किया। इससे पहले एमपी फार्मेसी काउंसिल के चेयरमैन बसंत गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय लिया। स्कूल के कोच आनंद तिवारी सर्वश्रेष्ठ कोच चुने गए।

ओरिएंटल और एलएनसीटी फाइनल में

भोपाल। मेजबान ओरिएंटल और एलएनसीटी कॉलेज ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर आरजीपीवी नोडल स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश लिया है। कॉलेज के मैदान पर गुरुवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में ओरिएंटल ने यूआईटी को टाई ब्रेकर में 3-2 से और एलएनसीटी ने टूबा कॉलेज को 1-0 से हराया। ओरिएंटल कॉलेज के एडमिनिस्ट्रेशन ऑफीसर अनिल खरे ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान पर खेल अधिकारी आजम खान मौजूद रहे।